**समाचार** विज्ञप्ति

# **UPDATED अल्बर्टा के बढ़ते समुदायों में नए स्कूल

मार्च 11, 2024 मीडिया पूछताछ

अल्बर्टा सरकार पूरे अल्बर्टा में छात्रों के लिए स्कूलों के निर्माण और आधुनिकीकरण के लिए तीन वर्षों में 2.1 बिलियन डॉलर का निवेश कर रही है।

जैसे-जैसे प्रांत का विकास हो रहा है, अलबर्टा सरकार उस विकास को पूरा करने और छात्रों को सफलता के लिए आवश्यक सीखने के स्थान प्रदान करने के लिए नए स्कूलों और छात्रों की जरूरतों से जुड़े स्थानों में निवेश कर रही है। पारित होने की दशा में, बजट 2024 में प्राथमिकता वाली 43 स्कूल परियोजनाओं को बढ़ाया जाएगा, जिसमें 28 नए स्कूल, 10 प्रतिस्थापन स्कूल और पांच आधुनिकीकरण शामिल हैं। पूरा होने पर, ये परियोजनाएं अल्बर्टा के छात्रों के लिए सीखने, विकास करने और अपनी पूरी क्षमता से काम करने के लिए लगभग 35,000 नए और आधुनिक स्थान तैयार करेंगी।

"अल्बर्टा विकास कर रहा है और हम उस विकास को पूरा करने के लिए शिक्षा में महत्वपूर्ण निवेश कर रहे हैं। संपूर्ण प्रांत में समुदाय अपने छात्रों के लिए नए और आधुनिक स्कूल देखेंगे, जो उन्हें सीखने के लिए सर्वोत्तम स्थान प्रदान करेंगे। मैं आने वाले वर्षों में उन सभी स्कूलों को आगे बढ़ते और खुलते देखने के लिए उत्सुक हूं, जिनमें हम निवेश कर रहे हैं।"

*डेनिएल स्मिथ, प्रीमियर*

इस वर्ष के बजट में शामिल अतिरिक्त 43 परियोजनाओं के साथ, सरकार पूरे प्रांत में विभिन्न चरणों में कुल 98 स्कूल परियोजनाओं को वित्त पोषित कर रही है।

$2.1 बिलियन के तीन-वर्षीय पूंजी निवेश के हिस्से के रूप में, महत्वपूर्ण क्षमता चुनौतियों का सामना करने वाले स्कूलों में कक्षा स्थानों को तेजी से बढ़ाने के लिए मॉड्यूलर कक्षाओं की आपूर्ति के लिए तीन वर्षों में $103 मिलियन का उपयोग किया जाएगा। कॉलेजिएट स्कूलों और सार्वजनिक चार्टर स्कूलों को तीन वर्षों में

$123 मिलियन की प्रतिबद्धता द्वारा सहायता दी जाएगी, क्योंकि अल्बर्टा सरकार कैरियर शिक्षा का विस्तार करना और छात्रों तथा परिवारों के लिए स्कूल विकल्पों की पूरी श्रृंखला का समर्थन करना जारी रखेगी।

"अल्बर्टा एडवांटेज वापस आ गया है और फल-फूल रहा है तथा पूरे कैनेडा और दुनिया भर से लोग एक बार फिर कैलगरी सहित हमारे अनूठे प्रांत में आ रहे हैं। बजट 2024 में अगले कुछ वर्षों में कैलगरी मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के लिए 17 नए स्कूल बनाने और एक आधुनिकीकरण की महत्वाकांक्षी योजना निर्धारित की गयी है। ये नए स्कूल 16,000 से अधिक छात्रों के लिए जगह बनाएंगे, जिनमें छह परियोजनाओं का निर्माण इस वर्ष में ही शुरू कर दिया जाएगा, शेष 12 परियोजनाओं का निर्माण बाद में किया जाएगा।"

*दिमित्रियोस निकोलाइड्स, शिक्षा मंत्री*

"अलबर्टा विकास कर रहा है और बजट 2024 की पूंजी योजना में हजारों नए छात्र स्थानों का निर्माण करने की योजना दी गयी है। अल्बर्टा सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि K-12 में छात्र आगे बढ़ते और सफल होते रहें।"

*नैट हॉर्नर, ट्रेजरी बोर्ड और वित्त मंत्री*

“हमारी सरकार छात्रों को आगे बढ़ने में मदद कर रही है, और बजट 2024 में शामिल की गई पूंजी परियोजनाएं उस रास्ते पर चलना जारी रखेंगी। इस वर्ष एक दर्जन से अधिक स्कूल बनकर तैयार हो जाएंगे और हम जल्द से जल्द छात्रों को उन्हें गुलजार करते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं। अल्बर्टा स्कूलों का निर्माण अगले 75 वर्षों तक चलने के लिए किया गया है, जो यह सुनिश्चित करता है कि आने वाली पीढ़ियों तक बच्चों को हमारे निवेश से लाभ मिलता रहेगा।

*पीट गुथरी, बुनियादी ढांचा मंत्री*

अपने आसपास के समुदायों के साथ, कैलगरी और एडमॉन्टन, विशेष रूप से भारी छात्र वृद्धि देख रहे हैं और बजट 2024 कैलगरी तथा इलाके में 18 स्कूल परियोजनाओं और राजधानी क्षेत्र में 14 स्कूल परियोजनाओं को प्राथमिकता देकर इसे मान्यता दे रहा है। इन क्षेत्रों में नई स्कूल परियोजनाओं का अर्थ कैलगरी इलाके में छात्रों के लिए 16,000 अधिक स्थान और एडमॉन्टन क्षेत्र में 12,500 अधिक स्थान है।

बजट 2024 स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा को सशक्त करने, सुरक्षित और सहायक समुदायों का निर्माण करने, प्रांत के संसाधनों को बुद्धिमत्तापूर्ण प्रबंधन करने और अल्बर्टा के प्रतिस्पर्धी लाभ को जारी रखने के लिए रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की एक जिम्मेदार योजना है।

## त्वरित तथ्य

- पूर्ण/निर्माण निधि अनुमोदन में परियोजना को पूरा करने के लिए निर्माण और कब्जे के बाद की समीक्षा सहित सभी गतिविधियां शामिल हैं।
- डिजाइन फंडिंग गतिविधियों में ड्राइंग और विशिष्टताओं जैसे निर्माण निविदा दस्तावेजों की तैयारी शामिल है।
- योजना वित्तपोषण गतिविधियों में साइट विश्लेषण और कार्यक्षेत्र विकास गतिविधियां शामिल हैं।

****अद्यतन:** बजट 2024 स्कूल परियोजनाएं - पूर्ण/निर्माण निधि (19):

| समुदाय | | |
|---|---|---|
| चेस्टरमेरे | कैलगरी कैथोलिक स्कूल डिस्ट्रिक्ट | नया K-9 स्कूल |
| कोक्रेन | रॉकी व्यू स्कूल | नया K-8 स्कूल |
| एडमॉन्टन | एडमॉन्टन कैथोलिक स्कूल | क्रिस्टलीना नेरा में नया K-9 स्कूल |
| एडमॉन्टन | एडमॉन्टन कैथोलिक स्कूल | हेरिटेज वैली कैवनघ में नया K-9 स्कूल |
| एडमॉन्टन | एडमॉन्टन कैथोलिक स्कूल | हेज़ रिज में नया के-9 स्कूल |
| एडमॉन्टन | एडमॉन्टन कैथोलिक स्कूल | रंडले में समाधान (K-9) |
| एडमॉन्टन | एडमॉन्टन पब्लिक स्कूल | ग्लेनरिडिंग हाइट्स में नया 7-12 स्कूल |
| लेडुक | ब्लैक गोल्ड स्कूल डिवीजन | इकोल कोरिंथिया पार्क (K-6) का आधुनिकीक |

## बजट 2024 स्कूल परियोजनाएं - डिजाइन फंडिंग:

| **समुदाय** | **स्कूल प्रभाग** | **परियोजना का प्रकार/नाम** |
|---|---|---|
| एयरड्री | रॉकी व्यू स्कूल | नया 9-12 स्कूल |
| कैलगरी | कैलगरी शिक्षा बोर्ड | कॉर्नरस्टोन में नया 10-12 स्कूल |
| कैलगरी | कैलगरी शिक्षा बोर्ड | रेडस्टोन में नया K-4 स्कूल |
| कैलगरी | कैलगरी शिक्षा बोर्ड | एनी गेल स्कूल का आधुनिकीकरण (6-9) |
| कैलगरी | कैलगरी कैथोलिक स्कूल डिस्ट्रिक्ट | रेडस्टोन में नया K-6 स्कूल |
| कैलगरी | कैलगरी कैथोलिक स्कूल डिस्ट्रिक्ट | पश्चिमी कैलगरी में नया 10-12 स्कूल |

Classification: Public

| | | |
|---|---|---|
| कैलगरी | कैलगरी कॉन्सिल स्कोलायर फ्रैंकोसूड | उत्तरी कैलगरी में नया K-6 स्कूल |
| चेस्टरमेरे | रॉकी व्यू स्कूल | नया K-9 स्कूल |
| एडमॉन्टन | एडमॉन्टन कैथोलिक स्कूल | लॉरेल में नया K-9 स्कूल |
| एडमॉन्टन | एडमॉन्टन कैथोलिक स्कूल | रिवर एज में नया K-9 स्कूल |
| एडमॉन्टन | एडमॉन्टन पब्लिक स्कूल | ग्लेनरिडिंग हाइट्स में नया K-6 स्कूल |
| एडमॉन्टन | एडमॉन्टन पब्लिक स्कूल | रोसेन्थल में नया K-6 स्कूल |
| एडमॉन्टन | एडमॉन्टन पब्लिक स्कूल | मैककोनाची में नया 7-9 स्कूल |
| ओकोटोक्स | फ़ुटहिल्स स्कूल डिवीजन | नया 10-12 स्कूल |

## बजट 2024 स्कूल परियोजनाएं - योजना वित्तपोषण:

| **समुदाय** | **स्कूल प्रभाग** | **परियोजना का प्रकार/नाम** |
|---|---|---|
| कैलगरी | कैलगरी शिक्षा बोर्ड | सैडल रिज में नया 5-9 स्कूल |
| कैलगरी | कैलगरी कॉन्सिल स्कोलायर फ्रैंकोसूड | उत्तरी कैलगरी में नया 9-12 स्कूल |
| कैलगरी | कैलगरी कॉन्सिल स्कोलायर फ्रैंकोसूड | उत्तरी कैलगरी में नया K-6 स्कूल |
| एडमॉन्टन | एडमॉन्टन पब्लिक स्कूल | डेल्टन स्कूल (के-6) का प्रतिस्थापन |
| एडमॉन्टन | एडमॉन्टन पब्लिक स्कूल | स्प्रूस एवेन्यू स्कूल का प्रतिस्थापन (7-9) |
| एडमॉन्टन | कॉन्सिल स्कोलायर सेंटर-नॉर्ड | नया 7-12 पब्लिक/कैथोलिक स्कूल |

## सम्बंधित जानकारी

Classification: Public

- बजट 2024 पूंजी योजना
- **बजट 2024 अवलोकन**

## मल्टीमीडिया

- समाचार सम्मेलन देखें

समाचार सम्मेलन सुनें